मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त




वर्ष : ०९ | अंक : २३ | मुंबई, शुक्रवार, १५ मार्च से २१ मार्च २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये

## डॉक्टरों को अल्टिमेटम, १० दिन में सिस्टम करें लागू

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई:** करीब एक साल से चला आ रहा डॉक्टरों का विवाद आखिर खत्म हो गया। दो आईएएस अधिकारियों के साथ हुई संयुक्त बैठक में प्रमुख अस्पतालों के डॉक्टरों को १० दिनों के अंदर हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) में खुद से टाइप कर लागू करने का आदेश दिया गया है। इस काम के लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर नहीं मिलेंगे।

बैठक में दो-टूक कहा गया है कि डॉक्टरों को ही सिस्टम में एंट्री करनी होगी।



डेटा एंट्री के लिए प्रशासन ने ३० करोड़ रुपये सालाना खर्च करने से साफ इनकार कर दिया है। उन्हें व्यवस्था लागू करने के लिए १० दिन का समय दिया गया है। २५ मार्च के बाद फिर इसकी समीक्षा होगी और तब तक पूरा सिस्टम लागू न होने पर आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। बैठक के तुरंत बाद ही कंप्यूटर लगाने के लिए टेबल का लंबे समय से अटका प्रस्ताव तुरंत मंजूरी के लिए भेज दिया गया। डीन के स्तर पर भी निर्देश देने शुरू हो गए। जल्द ही इसकी समीक्षा भी शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में पारदर्शी व्यवस्था लाने में निर्णायक इस सिस्टम को तमाम कोशिशों के बावजूद लागू नहीं किया जा सका है। एक अधिकारी ने बताया कि जिन डॉक्टरों द्वारा अब तक इसमें एंट्री नहीं की जाती थी, अब उन्होंने इसके बारे में जानकारी लेना शुरू कर दिया है। क्या है मामला: बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी का मुद्दा सामने आने के बाद प्रशासन ने इसकी जांच की थी। दवाओं की कमी को दूर करने के लिए तुरंत टेंडर निकालकर आपूर्ति करने का आदेश भी दिया था। हालांकि टेंडर लाने से पूर्व संबंधित कंपनियों से अतिरिक्त आपूर्ति की सहमति लेने में काफी समय निकल गया। टेंडर मंजूरी के कई चरण होने की वजह से भी फाइलें अटक गईं। सच तो यह है कि मंजूरी मिलने के बाद भी कंपनियों को दवाओं की आपूर्ति में समय लग जाएगा। बेहद लंबी प्रक्रिया: हर दो साल पर खरीदी जाने वाली दवाओं के लिए मुंबई के सभी अस्पतालों से लिस्ट मांगी जाती है और सभी विभाग प्रमुखों से चर्चा की जाती है। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया होती है और ऑर्डर दिया जाता है। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता। उचित समन्वय न होने की वजह से किसी अस्पताल में ज्यादा दवाएं पहुंच जाती हैं, तो किसी में काफी कम सप्लाई हो पाती है।

### फाइलों में अटकीं मरीजों की दवाएं

**मुंबई: बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी का मसला गंभीर होता जा रहा है। अगले कुछ महीनों तक इससे निजात मिलना मुश्किल लग रहा है। पूरी मुंबई का ठेका एक साथ निकालने की वजह से अतिरिक्त दवाएं मंगाने की प्रक्रिया अभी तक लटकी हुई है। चूंकि अब आचार संहिता लागू हो चुकी है, इसलिए यह प्रक्रिया अब मई में ही पूरी हो पाएगी। माना जा रहा है कि मॉनसून तक ही दवाएं अस्पतालों में पहुंच पाएंगी। बता दें कि पिछले 7-8 महीनों से बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी है। नियमित दवाओं की खरीदी की प्रक्रिया भी इसी वजह से प्रभावित हो रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया में छह महीने का समय लगता है। हमें अतिरिक्त आपूर्ति का टेंडर बनाने में काफी समय लगता है। हम पर दोहरा कार्यभार होता है।**

## मोबाइल है वोटर का हथियार

**कर्ण हिंदुस्तानी**

**मुंबई,** चुनाव आयोग ने साफ-सुथरे चुनाव कराने में जनता की भागीदारी बढ़ाने के लिए दो ऐप भी जारी किए हैं। एक ऐप जिसका नाम 'सीविजिल' है आम नागरिकों के लिए हैं। दिव्यांगों के लिए विशेष ऐप पीडब्ल्यूडी लॉन्च किया गया है। अपने मोबाइल पर इन ऐप को डाउन लोड करके कोई भी वोटर अपने मोबाइल को चुनावी धांधली रोकने का हथियार बना सकता है। इन ऐप के जरिए चुनाव से जुड़ी शिकायत सीधे चुनाव आयोग को भेजी जा सकती है।



### चाहें तो पहचान गुप्त रखें

इन दोनों ऐप में इस बात की व्यवस्था है कि शिकायतकर्ता चाहे तो अपनी पहचान गुप्त रख रख सकता है। इस ऑप्शन का चुनाव करने वाले शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर और पहचान रेकॉर्ड नहीं किया जाता, सिर्फ उसकी शिकायत दर्ज की जाती है और उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

### फोटो-विडियो को बनाएं सबूत

चुनाव आयोग ने शिकायतों के ज्यादा असरदार बनाने और दोषियों पर शिकंजा कसने के लिए मोबाइल में जीपीएस, लोकेशन मैपिंग, कैमरा और विडियो कैमरे को नागरिकों का हथियार बनाने का काम किया है। सीविजिल ऐप को एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड करके शिकायत के सबूत के तौर पर मौके पर ही फोटो खींचकर या २-३ मिनट का विडियो बनाकर ऐप के जरिए भी भेजा जा सकता है।

### इन बातों की शिकायत करें

वोटरों को पैसे बांटने, शराब या नशीली चीजों का वितरण, हथियार जमा करने या हथियारों का उपयोग करने, वोटरों को डराने धमकाने, भड़काऊ भाषण देने, पेड न्यूज, फेक न्यूज, वोटरों को ललचाने के लिए चीजें बांटने, वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए फ्री वाहन उपलब्ध कराए जाने, उम्मीदवार की संपत्ति के बारे में और चुनाव आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन से जुड़ी कोई भी शिकायत सीविजिल ऐप के जरिए की जा सकती है।

### टोल फ्री नंबर

सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि चुनाव संबंधी जानकारी पाने और शिकायत दर्ज कराने के लिए एक विशेष कक्ष और दो टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर १९५० और १८००११११९५० भी कार्यरत किए हैं। इस नंबर पर फोन करके वोटर बनने अथवा आचार संहिता भंग होने अथवा चुनाव में सीमा से ज्यादा पैसे खर्च किए जाने की शिकायत की जा सकती है।

## कर्नाटक में २० पर कांग्रेस, ८ पर जेडीएस

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में कांग्रेस और जेडीएस के गठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। कुल २८ लोकसभा सीटों में से २० पर कांग्रेस और ८ पर जेडीएस लड़ेगी। जेडीएस ने पहले १२ सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी।

## लोकसभा चुनाव २०१९: मातोश्री में देर रात चली चर्चा, बनी रणनीति

**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** महाराष्ट्र में चुनावी रंग तेजी से चढ़ने लगा है। मंगलवार को बीजेपी में शामिल हुए सुजय विखे पाटील ने बुधवार को मातोश्री जाकर शिवसेना के पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार देर रात को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मातोश्री जाकर उद्धव से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में शिवसेना-बीजेपी गठबंधन के चुनाव प्रचार की शुरुआत २४ मार्च को कोल्हापुर से करने पर सहमति बनी। अलावा इसके दोनों पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने की दिशा में भी विचार-विमर्श हुआ।

शिवसेना-बीजेपी गठबंधन की तरफ से शिवसेना नेता और उद्योग मंत्री सुभाष देसाई ने बताया कि दोनों पार्टी के नेताओं के बैठक मातोश्री में देर रात तक चली। बैठक में बीजेपी की तरफ से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राजस्व मंत्री चंद्रकांत पाटील, वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार और शिवसेना की तरफ से पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे, उद्योग मंत्री सुभाष देसाई, और पार्टी के सचिव मिलिंद नार्वेकर मौजूद थे।

### २४ को प्रचार का शुभारंभ

दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में तय किया गया कि शिवसेना-बीजेपी की पहली संयुक्त प्रचार सभा २४ मार्च को कोल्हापुर में होगी।



### कार्यकर्ताओं के होंगे सम्मेलन

इस बीच १५ मार्च से १८ मार्च तक शिवसेना और बीजेपी कार्यकर्ताओं के विभागवार सम्मेलन करेंगी और कार्यकर्ताओं को यह समझाने की कोशिश की जाएगी कि गठबंधन का फैसला क्यों लिया गया। इनमें मुख्यमंत्री फडणवीस और उद्धव ठाकरे कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। मुंबई के शिवसैनिकों और बीजेपी कार्यकर्ताओं का संयुक्त सम्मेलन बाद में होगा।

बैठक में जालाना में और उत्तर पूर्व मुंबई की सीटों पर दोनों पार्टियों के स्थानीय नेताओं के बीच विवाद पर भी चर्चा हुई। जालना में बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष रावसाहेब दानवे के खिलाफ शिवसेना के अर्जुन खोतकर चुनाव लड़ने की जिद पर अड़े थे। अब उद्धव ठाकरे ले उन्हें उत्तर महाराष्ट्र में शिवसेना-बीजेपी समन्वय का जिम्मा देकर दानवे के चुनाव लड़ने का रास्ता साफ कर दिया है। इसी तरह से उत्तर-पूर्व मुंबई में बीजेपी सांसद किरीट सोमैया के खिलाफ भी शिवसैनिकों का विद्रोह ठंडा करने का आश्वासन शिवसेना की तरफ से बीजेपी को दिया गया है। इसीलिए संभावना जताई जा रही है कि किरीट सोमैया ही उत्तर-पूर्व मुंबई से बीजेपी के उम्मीदवार होंगे।

### कांग्रेस में विवाद बढ़ा

विधानसभा में नेता विपक्ष राधाकृष्ण विखेपाटील के बेटे सुजय के बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेस में विवाद बढ़ गया है। गुरुवार को कांग्रेस के बड़े नेताओं की बैठक होने जा रही है।

इस बैठक में राज्य में कांग्रेस की स्थिति, उम्मीदवारों की तैयारी और एनसीपी के साथ सीटों के बंटवारे में आ रही अड़चनों पर चर्चा होगी।

### विखे बनाम थोरात

इधर अहमदनगर जिले में कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं राधाकृष्ण विखेपाटील और बालासाहेब थोरात के बीच विवाद फिर बढ़ गया है। थोरात ने विखेपाटील से कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा साबित करने की मांग कर डाली है।

## पढ़ाई के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे बच्चे

**सुरेश वाकडे**

**नवी मुंबई :** पढ़ाई और परीक्षा के लिए बच्चे कभी पूरी तरह से माता-पिता, घर के अन्य सदस्यों और शिक्षकों पर निर्भर रहते थे। बीते एक दशक में यह परिदृश्य बदल चुका है। एक निजी संस्था के सर्वेक्षण से स्पष्ट हुआ है कि आज के युग में कक्षा १२वीं तक के ४८.२० फीसदी विद्यार्थी पढ़ाई और परीक्षा के लिए सोशल मीडिया पर निर्भर हो चुके हैं। दुर्भाग्य से यह औसत साल-दर-साल बढ़ता जा रहा है। चीन, ताईवान व दक्षिण कोरिया सहित कई देशों में तो इंटरनेट को एक व्यसन (नशा) घोषित कर दिया गया है और इससे बच्चों को दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय का दावा है कि आज सोशल मीडिया के नशे से छुटकारा पाना असंभव होता जा रहा है।



### परीक्षा और सोशल मीडिया

मार्च-अप्रैल में प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षाएं होती हैं। इस दौरान सभी विद्यार्थी बेहद तनाव में रहते हैं और परीक्षाओं में अधिक से अधिक अंक हासिल करने की कोशिश करते हैं। स्कूलों व कॉलेजों के शिक्षक और परिजन भी विद्यार्थियों की हरसंभव सहायता करते हैं। लेकिन, अब लगभग आधे विद्यार्थी सोशल मीडिया पर समस्या का समाधान तलाशते रहते हैं। बीते एक दशक में शिक्षा क्षेत्र में सोशल मीडिया की पैठ लगातार बढ़ती जा रही है। अब, जबकि कक्षा १२वीं की बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं, कक्षा १०वीं की परीक्षाएं जारी हैं और प्राथमिक व माध्यमिक की स्कूली परीक्षाएं अगले एक-दो सप्ताह में शुरू होने जा रही हैं, एक बार फिर सोशल मीडिया पर बढ़ती निर्भरता नजर आ रही है। ये विद्यार्थी स्मार्ट फोन पर उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक ऐप, वॉट्सऐप, फेसबुक, मेसेंजर और ऐसे ही कई अन्य विकल्पों का सहारा लेते हुए देखे जा रहे हैं।

### बच्चों में बढ़ती संवादहीनता

नवी मुंबई में विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं को दूर करने में लगी 'निरामय गाइडेंस क्लीनिक' की संचालिका व बालविकास विशेषज्ञ डॉ. अंजना थडानी ने अभिभावकों को सावधान करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया के अति उपयोग से आज के विद्यार्थियों में परिवार व शिक्षकों के बीच संवादहीनता का औसत बढ़ता जा रहा है। नेट पर सक्रिय विद्यार्थी अपनी पढ़ाई से जुड़ी हर समस्या का समाधान खोज रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में बच्चे परिवार, शिक्षकों व समाज से कटते जा रहे हैं। इसका दूरगामी बुरा परिणाम उनके पूरे जीवन पर पड़ता है।

### बच्चों का भ्रामक विश्वलोक

डॉ. अंजना थडानी ने बताया कि बचपन से ही सोशल मीडिया के जाल में फंस जाने वाले बच्चों का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाता है। सोशल मीडिया पर उपलब्ध विभिन्न ऐप और जानकारियां ऐसे बच्चों को असली दुनिया से दूर एक भ्रामक संसार में ले जाती हैं। डॉ. थडानी ने बताया कि देर से होने वाले विकास, शारीरिक अपंगता, डिस्लेक्सिया, स्वमग्नता, सेरेब्रल पाल्सी व शैक्षणिक समस्याओं जैसे खतरों से आज के बच्चों को बचाना जरूरी है।

### आत्मकेंद्रित होते युवा

सोशल मीडिया व नेटवर्किंग का शिकार हुए बच्चे व विशेषकर युवा लड़के व लड़कियां आत्मकेंद्रित हो जाते हैं। ऐसे युवक व युवतियां सिर्फ स्वयं की प्रशंसा ही सुनना पसंद करने लगते हैं, जो उनके लिए ही घातक होता है।

समाज से दूर रहकर सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट को मिलते 'लाइक्स', 'लुक्स' और 'ओपिनियन' की 'वैल्यू' हर पल तलाशते नजर आते हैं।

## पाक से कहेगा भारत, हमारे सिखों को खालिस्तानी प्रचार से बचाना

**नई दिल्ली :** भारत, पाकिस्तान से कहेगा कि वह करतारपुर कॉरिडोर से होकर गुरुद्वारा करतारपुर साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं को खालिस्तानी अलगाववादियों के दुष्प्रचार से बचाकर रखे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि करतारपुर कॉरिडोर में तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को पाकिस्तान के साथ होने वाली पहली बैठक के दौरान भारत यह मुद्दा उठाएगा।

बैठक अटारी-वाघा बॉर्डर पर भारत के हिस्से में होगी। मालूम हो कि पहले ऐसी खबरें आई थीं कि गुरुद्वारा जाने के रास्ते में भारतीय सिख श्रद्धालुओं को खालिस्तान समर्थक बैनर दिखाए गए थे। इस पर भारत ने आपत्ति जताई थी।

## शरद पवार पर निशाना साध बोले उद्धव ठाकरे- मैं दूसरों के बच्चों की मांगें भी पूरी करता हूं

**मुंबई :** महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल के बेटे सुजय भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं। इसी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अध्यक्ष शरद पवार पर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने निशाना साधा है। ठाकरे ने कहा कि वह दूसरे के बच्चों की मांगों को भी पूरा करने में विश्वास रखते हैं और उनका इस्तेमाल 'बर्तन साफ करवाने' में नहीं करते। कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर विपक्ष के नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल के बेटे सुजय ने मंगलवार को बीजेपी का दामन थाम लिया था क्योंकि उन्हें अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपने गृह क्षेत्र अहमदनगर से टिकट नहीं मिल सका था। सुजय ने ठाकरे से बुधवार को यहां उनके आवास पर मुलाकात की और अपनी उम्मीदवारी के लिए शिवसेना के समर्थन की मांग की।

बता दें कि अहमदनगर सीट कांग्रेस की गठबंधन सहयोगी एनसीपी के खाते में चली गई है और वह सुजय के लिए अहमदनगर सीट खाली करने को तैयार नहीं थी। ठाकरे ने कहा, 'अपने बेटे की तरह, मैं दूसरों के बच्चों की भी देखभाल करता हूं। यह शिवसेना की शैली नहीं है कि दूसरे के बच्चों का इस्तेमाल बर्तन साफ कराने के लिए करे। शिवसेना आम आदमी के लिए है।'

इससे पहले मंगलवार को शरद पवार ने सुजय के लिए अहमदनगर सीट न छोड़ने के फैसले को न्यायोचित ठहराया था। पवार ने राधाकृष्ण विखे पाटिल पर निशाना साधते हुए कहा था, 'सुजय विखे पाटिल एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जा रहे हैं और चुनाव लड़ने के लिए एक खास सीट पर जोर दे रहे हैं। उनकी अपरिपक्व इच्छा को पूरा करना दूसरे दलों की जिम्मेदारी नहीं है। अपने बेटे की इच्छाओं को आपको खुद पूरा करना चाहिए, मैं अपने बच्चे की इच्छाओं को पूरा करूंगा। मुझे किसी दूसरे की इच्छा क्यों पूरी करनी चाहिए?' ठाकरे ने कहा कि शिवसेना ने अपनी सूची को लगभग अंतिम रूप दे दिया है, जिसे अगले दो दिनों में जारी कर दिया जाएगा।

## संपादकीय

# सबसे खर्चीला चुनाव

भारत में दुनिया के सबसे महंगे चुनाव होने जा रहे हैं, तो इसमें ज्यादा आश्चर्य की बात भले न हो, लेकिन यह हमारे चिंतन का एक अनिवार्य विषय जरूर होना चाहिए। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज और अन्य अनेक राजनीतिक पंडितों ने अनुमान लगाया है कि 29 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों वाले विशाल लोकतंत्र में चुनावों का कुल खर्च इस बार 500 अरब रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा। वर्ष 2016 में अमेरिका में राष्ट्रपति और कांग्रेस ( निचले सदन ) के चुनावों में 6.5 अरब डॉलर अर्थात 455 अरब रुपये खर्च हुए थे। अमेरिका का रिकॉर्ड भारत के इस आम चुनाव में टूटने वाला है, तो हमें इस पर अवश्य गौर करना चाहिए कि हमारी वास्तविक खर्च क्षमताएं क्या हैं? अमेरिका में जहां हर व्यक्ति औसतन 6,000 रुपये से ज्यादा प्रतिदिन खर्च करता है, वहीं भारत में 60 प्रतिशत से ज्यादा लोगों का प्रतिदिन का खर्च तीन डॉलर यानी लगभग 210 रुपये है। अमेरिका के लिए चुनावों का महंगा होना बहुत चिंता का विषय नहीं, लेकिन भारत जैसे देश में चुनावों को खर्च की शालीन सीमाओं का सम्मान करना ही होगा। ज्यादातर भारतीयों के पास प्रतिदिन खर्च के लिए 250 रुपये भी नहीं होते, लेकिन यहां प्रति मतदाता चुनावी खर्च 560 रुपये के करीब पहुंच जाता है, तो क्यों? वर्ष 2014 के चुनावों में 300 अरब रुपये से ज्यादा हुए थे और अकेले चुनाव आयोग ने 4,000 करोड़ रुपये खर्च किए थे। जाहिर है, इस बार भी चुनाव आयोग का खर्च बढेग़ा, क्योंकि चुनावों को किफायती बनाने के लिए चुनाव आयोग की कोई विशेष तैयारी नजर नहीं आती। जब गंभीर चिंतन ही नहीं है, तो किसी ठोस पहल की आशा कैसे की जाए? चुनावों की घोषणा से लेकर 23 मई तक भारत के तन-मन-धन का एक बड़ा भाग चुनावों की भेंट चढ़ने वाला है, तो हम क्या करें? ध्यान रहे, लोकतंत्र की जिम्मेदारी केवल चुनाव आयोग या सरकार या राजनीतिक पार्टियों पर ही नहीं है, हम मतदाताओं और नागरिकों का भी कर्तव्य है कि हम अपने-अपने मोर्चे पर चुनावों को खर्च की शालीन सीमाओं में रखें। महात्मा गांधी ने कहा था, केवल सरकार के भरोसे मत रहना। अतः लोकतंत्र के लिए कुछ काम और सुधार हमें स्वयं भी करने चाहिए। किसी प्रत्याशी या किसी पार्टी का केवल खर्च देखकर उसे कतई वोट न करें। चुनावों को अमीरों का चुनाव न बनने दें। प्रत्याशी या पार्टी की गुणवत्ता पर गौर करें। हमारे चुनाव दुनिया के सबसे बड़े चुनाव अवश्य रहें, पर सबसे अच्छे व किफायती चुनाव के रूप में भी हमारे देश की ख्याति बने, तो सोने पर सुहागा होगा। दुनिया में जो बेहतर चुनाव वाले देश हैं, उनसे भी हमें सीखना चाहिए। डेनमार्क और कुछ अन्य यूरोपीय देशों के चुनावों को आदर्श कहा जाता है। वहां सुनिश्चित किया जाता है कि चुनावों में पैसे की भूमिका न्यूनतम रहे। टीवी पर प्रचार प्रतिबंधित रहता है। पर्चों, पोस्टर, सोशल मीडिया के जरिये ही ज्यादातर प्रचार चलता है। एक खूबी देखिए, डेनमार्क में मतदान प्रतिशत 80 से ज्यादा रहता है, जबकि महंगे चुनावों के लिए ख्यात अमेरिका में मतदान 60 प्रतिशत से भी नीचे होता है। आज हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे विशाल लोकतंत्र में चुनावों पर जो भी खर्च हो, वह देश को सभ्य और सकारात्मक दिशा में ले जाए। चुनावों में मन का महत्व बढ़े, धन का नहीं।



# १० साल छोटे प्रेमी संग लिवइन में थी महिला, शादी की बात पर कर दी हत्या



**गाजियाबाद :** यूपी के गाजियाबाद से पिछले पांच दिन से लापता महिला टीचर नहर से लाश मिलने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. मामले में सामने आया है कि महिला का लिवइन पार्टनर ही उसका कातिल निकला. महिला आरोपी युवक के साथ लिवइन में थी जो उससे उम्र में १० साल छोटा था. दरअसल, कुछ दिन पहले गाजियाबाद के कविनगर इलाके में रहने वाली गीतिका नाम की स्कूल टीचर संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी. मंगलवार देर शाम गीतिका का शव गाजियाबाद के मुरादनगर में गंग नहर से बरामद किया गया. एक पैकेट में गीतिका की लाश थी, जिसे एक बड़े बैग में बंद किया गया था.

पुलिस गीतिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखे जाने के बाद से ही उसकी तलाश में जुट गई थी. गीतिका के फोन कॉल रिकॉर्ड के आधार पर पुलिस का सबसे पहला शक दीपक पर ही गया और आखिरकार उसे गिरफ्तार किया गया. बताया जाता है कि गीतिका का कुछ समय पहले अपने पति से तलाक हो गया था और पति से अलग होने के बाद उसे मोटी रकम अपने पति की ओर से बतौर मुआवजा मिली थी. उस दौरान पति से अलग होने के बाद गीतिका की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिये दीपक से हुई, जो एक नामी कंपनी में काम करता है. उसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ गई और दोनों लिवइन रिलेशनशिप में रहने लगे. वक्त बीतने के साथ ही गीतिका ने दीपक से शादी करने की बात कही. २५ साल का दीपक अपने से १० साल बड़ी प्रेमिका से शादी नहीं करना चाहता था. गीतिका के ज्यादा जोर देने के चलते दोनों के बीच झगड़े होने लगे. दीपक इस बात को लेकर इतना तनाव में आ गया कि उसने १० मार्च की शाम को राज नगर एक्सटेंशन के उस फ्लैट में जाकर गीतिका का कत्ल कर दिया जहां यह दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे. इसके बाद दीपक ने बड़े पैकेट में गीतिका की लाश को डाला और बड़े बैग में बंद कर उसे गंग नहर में ठिकाने लगा दिया.पुलिस के मुताबिक दीपक के संबंध किसी और लड़की के साथ भी हैं और शायद दीपक उसी से शादी करना चाहता था. गीतिका के साथ वह महज टाइम पास कर रहा था. जब उसे लगा कि अब गीतिका उसे बख्शने वाली नहीं है तो उसने गीतिका का कत्ल कर दिया.

# सास की मौत से बहू थी खुश, पति ने गुस्से में उसे भी मार डाला

**कोल्हापुर :** पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है. जहां एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी क्योंकि उसे लगा कि वह उसकी मां की मौत से खुश है.



पुलिस ने बुधवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि आरोपी संदीप लोखंडे की पत्नी शुभांगी लोखंडे (३५) ने सास मालती लोखंडे (७०) की मौत के गम में जान दे दी.

एक अधिकारी ने बताया कि शुभांगी की मौत की जांच करने पर पता चला कि उसके पति ने उसकी हत्या कर दी क्योंकि वह उसकी मां के गुजरने पर खुशी मना रही थी. इसी बात से नाराज होकर आरोपी संदीप ने आप्टेनगर उपनगर में अपने मकान के दूसरी मंजिल की बालकनी से उसे नीचे धकेल दिया. संदीप अब पुलिस हिरासत में है और उसने अपना अपराध कबूल लिया है. पुलिस ने बताया कि स्थानीय मीडिया में खबरें आयी थी कि अपनी सास की मौत से दुखी होकर शुभांगी ने खुदकुशी कर ली थी. जूना रजवाड़ा थाने के अधिकारियों को इस मामले में संदेह और जांच का जिम्मा सौंपा गया.

पुलिस ने कहा कि जांच में संदीप ने अपना अपराध कबूल कर लिया है. पुलिस ने बताया कि उसकी पत्नी उसकी मां की मौत से पत्नी खुश थी इसी पर गुस्से में आकर उसने हत्या कर दी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार की सुबह बीमार मालती की मृत्यु पर शुभांगी खुश दिख रही थी. पत्नी के व्यवहार से खफा होकर संदीप ने उसी दिन उसकी हत्या कर दी.

# बोइंग 737 मैक्स 8 विमानों के ऊपर रोक, 30 से अधिक स्पाइसजेट उड़ानें कल प्रभावित होंगी

**मुंबई,** नागरिक उड्डयन सचिव पी एस खारोला ने बुधवार को कहाकि भारतीय एयरलाइंस द्वारा संचालित किए जा रहे सभीबोइंग ७३७ मैक्स ८ विमानों को जमींदोज कर दिया गया है।गुरुवार को एक 'चुनौतीपूर्ण' दिन होगा, उन्होंनेसंवाददाताओं से कहा।



विमान सेवा पर प्रतिबंध लगाना विभिन्न एजेंसियों के रायऔर प्रतिक्रियों पर आधारित होगा और यह जल्द ही नहींहोगा, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के प्रमुख बीएस भुल्लर ने कहा। डीजीसीए ने मंगलवार रात विमान को जमीन परउतारने के अपने फैसले की घोषणा की। स्पाइसजेट के बेड़े में १२ ऐसे विमान हैं और जेट एयरवेज केपास ५ विमान हैं, जो पहले ही जमींदोज हो चुके हैं।

अधिकारियों के अनुसार, कल ३०-३५ स्पाइसजेट कीउड़ानों के प्रभावित होने की संभावना है। खारोला ने कहाकि स्पाइस जेट अपनी उड़ानों में ज्यादातर यात्रियों कोसमायोजित करेगा। अगर जरूरत पड़ी तो अन्य संचालकइसमें मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि ऑपरेटरों ने 'शिकारी मूल्य निर्धारण' में शामिल नहीं होने के लिए भीसहमति व्यक्त की है। विमान को उतारने का निर्णयइथियोपिया एयरलाइंस द्वारा संचालित ७३७ मैक्स ८ विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के दिनों के बाद आया, जो किअदीस अबाबा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चारभारतीयों सहित १५७ लोगों की मौत हो गई।

# हिजड़ा निकला मर्द..



**मुंबई,** मुंबई के कांदीवली पूर्व समता नगर पुलिस ने एक ऐसे किन्नर गैंग के मुखिया को अरेस्ट किया है जो पूर्णतया साधारण मनुष्य होते हुए भी किन्नर का भेष बनाकर भीख मांगने का काम करता है। इतना ही नही भीख मांगने के दौरान महिलाओं को छेड़ने का भी काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार समता नगर पुलिस ने गोलाई नगर, कलवा का रहने वाले सुभाष जगन सनीसे ५० वर्षीय पुरुष को गिरफ्तार किया है, जो किन्नर (छक्का) का भेष बनाकर कलवा से कांदीवली भीख मांगने के लिए आता है। और रास्ते मे किसी सुनसान जगह रुककर अपने भेष भूषा को बिल्कुल किन्नर का रूप में कर लेता था और भीख मांगता था और मौका देखकर भोलीभाली लड़कियो को आशीर्वाद देने के नाम पर छेड़ता था। मामला तब सामने आया जब सुभाष जगन सनीसे नामक व्यक्ति को समता नगर पुलिस द्वारा किन्नर के रूप में किसी महिला से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया, पूछताछ में पता चला कि पकड़ा गया किन्नर (छक्का) नही बल्कि साधारण पुरुष है जिसकी शादी हुई है और उसको ६ बच्चे भी है जिसमे सभी लड़के है। ४ बच्चे स्कूल जाते है और २ मां के पास रहते है।

वारदात कांदीवली पूर्व ठाकुर विलेज इलाहाबाद बैंक के सामने सिंग्नल की है जहां सुभाष जगन सनीसे कलवा से भीख मांगने के लिए आया था जिसके साथ उनके साथी किन्नर भी थे भीख मांगने के दौरान आरोपी सुभाष ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा जिससे पीड़ित महिला को किन्नर न होने का शक हुआ जहां पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत समता नगर पुलिस को दिया जहां पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर किन्नर भेष में सुभाष जगन सनीसे को ताबे में ले लिया। समता नगर पुलिस आईपीसी की धारा ३५४ के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। पकड़े गए आरोपी कलवा से काम पर जाने के लिए निकलते थे इसके साथ और भी कुछ लोग आते थे और किन्नर का भेष बनाकर भीख मांगते थे।

फिलहाल इस घटना के बाद समता नगर पुलिस ये जानकारी निकालने में लगी है कि आखिर और कितने लोग इस गैंग में सामिल है।

# होली पर किया प्रैंक, तो पुलिस लेगी खबर

**मुंबई :** होली में प्रैंक विडियो बनाने के नाम पर महिलाओं और युवतियों से बदसलूकी करने वालों पर मुंबई पुलिस की कड़ी नजर है। मुंबई पुलिस के सोशल मीडिया विंग ने अंबोली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। दरअसल, अंधेरी के रहने वाले एक समाजसेवी रमेश सोलंकी ने सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर वायरल हो रहे प्रैंक विडियोज को लेकर मुंबई पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ट्वीट किया था। उन्होंने इसे बनाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग मंगलवार को पुलिस से की थी। इस पहल की लोगों ने काफी सराहना की है। सोलंकी ने बताया कि प्रैंक विडियो



बनाने वाले न सिर्फ महिलाओं, बल्कि पुरुषों के साथ भी सार्वजनिक रूप से बदसलूकी करते हैं। मनोरंजन के नाम पर ये लोग सारे आम अश्लीलता फैलाते हैं और महिलाओं-युवतियों से अनाप-शनाप सवाल पूछते हैं।

सोलंकी ने मंगलवार को मुंबई पुलिस के ट्विटर हैंडल ॅम्र्स्ल्स्ेज्दत्ग्म, ॅस्र्ल्स्ेज्दत्ग्म पर दो-तीन विडियो पोस्ट कर इन्हें बनाने वालों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है। सोलंकी का कहना है कि ये 'प्रैंक' विडियो अंधेरी और आस-पास के इलाकों में बनाए गए हैं। इनमें एक लड़का युवतियों, महिलाओं और बुजुर्गों से पहले तो होली के बारे सवाल पूछता है, फिर पीछे से एक और लड़का आकर बाल्टी से पानी डालकर भाग जाता है। इससे न सिर्फ पानी की बर्बादी होती है, बल्कि पानी की वजह से लोगों के पैसे, मोबाइल और अन्य सामान भी खराब हो जाता है। अंधेरी के वीरा देसाई रोड पर जुलु होटल के आस-पास ऐसे ही 'प्रैंक' विडियो बनाने की उन्होंने शिकायत की है। जनहित याचिका करेंगे दायर

सोलंकी ने कहा कि 'प्रैंक' विडियो की आड़ में महिलाओं से सार्वजनिक बदसलूकी करने पर रोक लगाने लगनी चाहिए और इसके लिए वह हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे।

साथ ही, अंबोली पुलिस थाने में भी मामला दर्ज करेंगे। हालांकि, जोनल पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर वह आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने वाले हैं। फिलहाल, इलाके में पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है।

# CST रेलवे स्टेशन के पास फुटओवर ब्रिज गिरा

## दो महिलाओं की मौत, २३ लोग घायल

**मुंबई :** मुंबई के सीएसटी इलाके में फुटओवर ब्रिज गिर गया है. सीएसटी (छत्रपति शिवाजी टर्मिनल) के उत्तरी छोर के पास बना फुटओवर ब्रिज गिरा है. आधिकारिक खबर के मुताबिक इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है जिनके नाम रंजना और अपूर्वा बताए जा रहे हैं. ब्रिज हादसे में २३ लोग घायल हो गए हैं. घटना स्थल पर कई लोगों के फंसे होने की खबरें आ रही हैं. पुलिस हादसे की जगह पर पहुंच गई है. एंबुलेंस में घायलों को अस्पताल भिजवाया जा रहा है. सीएसटी रेलवे स्टेशन के पास बने इस फुटओवर ब्रिज को बने हुए काफी समय हो गया है. सीएसटी के प्लेटफॉर्म नंबर एक को ये पुल सड़क से जोड़ता है. इस तरफ बनाया



गया ये एकमात्र पुल है जो सेंट्रल रेलवे की ओर से बनाया गया था और बताया जा रहा है कि पुल पर काफी भीड़भाड़ थी. आशंका है कि फुटओवर ब्रिज पर करीब १०० लोग मौजूद थे. फुटओवर ब्रिज का करीब ६० फीसदी हिस्सा गिर गया है और इसका मलबा सड़क पर जा रही गाड़ियों पर भी जा गिरा. शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक सामने आया है कि २३ में से ५ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है. शाम साढ़े सात बजे के करीब इस पुल के गिरने की खबर आई है. ये पुल बीएमसी द्वारा बनाया गया था. लोग लोकल ट्रेन पकड़ने के लिए इस पुल का इस्तेमाल करते हैं और अचानक ब्रिज के गिरने के बाद वहां अफरातफरी मच गई.सेंट जॉर्ज अस्पताल और जीटी अस्पताल में २३ घायलों को भर्ती कराया गया है और वहां से ५-६ घायलों के गंभीर होने की बात सामने आई है. घटनास्थल से मलबे को हटाने का काम जारी है. अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है. सेंट जॉर्ज अस्पताल में १० लोग और जीटी हॉस्पिटल में १३ लोगों को भर्ती कराया गया है. मुंबई पुलिस ने भी ट्वीट कर इस हादसे की जानकारी दी है.

# मिलिंद और प्रिया को मिला कांग्रेस का टिकट

**मुंबई:** दक्षिण मुंबई से मिलिंद देवड़ा और उत्तर मध्य मुंबई से प्रिया दत्त को कांग्रेस का टिकट मिल गया है। कांग्रेस ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। दूसरी सूची में २१ नाम हैं, जिनमें ५ महाराष्ट्र के और १६ उत्तर प्रदेश के हैं। महाराष्ट्र से जिन पांच सीटों पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं उनमें मिलिंद देवडा और प्रिया दत्त के अलावा नागपुर से नाना पाटोले, गडचिरोली-चिमूर से नामदेव उसंडी और सोलापुर से सुशील कुमार शिंदे के नाम शामिल हैं।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो.**
**९८२१२८७९०५,**
**९३२२२४८३५३-**
**९१६७००९६२९**
**Email :**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ :** बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629
**Email : metrodinank@gmail.com**
**Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009**
**नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें**

# संक्षिप्त न्यूज

## 9 करोड़ की चंदन की लकड़ी जब्त

**मुंबई :** मुंबई की अंबोली पुलिस ने 1845 किलो चंदन की लकड़ी जब्त की है। इंस्पेक्टर दया नायक ने बताया कि इसकी कीमत 9 करोड़ रुपये है। इस केस में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक टिप के बाद गुरुवार को अंधेरी में एक टेम्पो की घेराबंदी की गई। उसकी तलाशी में चंदन की लकड़ी जब्त की गई। इस लकड़ी को दुबई भेजा जाना था।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधिकारी दया नायक को खबर मिली की एक टेम्पो में 500 किलो चन्दन की लकड़ी जा रही है जिसे विदेश भेजा जायेगा. खबर मिलते ही दया नायक ने वन विभाग अधिकारीयों के साथ टेम्पो और कुर्ला के गोदाम में छापा मारकर 9 करोड़ चन्दन की लकड़ी बरामद की है और दो लोगों को हिरासत में भी लिया है.

## नशे में धूत ट्रक चालक ने सड़क पर दौड़ाया ट्रक, 10 लोगों को रौंदा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शराब के नशे में धूत ट्रक चालक ने सड़क पर दौड़ाया ट्रक, भीषण सड़क हादसे में 1 की मौत 6 लोग गंभीर रुप से घायल, गुस्साई भीड़ को कोबू में लाने के लिए पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत.खबर के मुताबिक महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शराब के नशे में धूत ट्रक चालक 10 तैयार की ट्रक लेकर मस्जिद वाली सड़क से जा रहा था की अचानक संतुलन विगड़ गया उसने 10 लोगों को उड़ाया जिसमे मोहसिन शेख नामक युवक की मौत हो गयी और इमाम शेख गंभीर रूप से जख्मी है. पुलिस ने बताया की उसने रस्ते में कई जगह टक्कर दी है. पब्लिक से पुलिस ने काफी मशक्कत से बचाया.

## दिव्यागों को वितरित किया गया सामान

**मुंबईः** अंधेरी (पूर्व) कामगार कल्याण हॉल में नैसिर्गक विकलांग संवा संघ ने 15वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित कर दिव्यांगों को जरूरत का सामान वितरित किया। इस अवर पर संस्था के अध्यक्ष टी.एन. दुबे ने संस्था के 15 साल के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वीलचेयर क्रिकट खिलाड़ी रमेश सरतापे, महिला बास्केट बॉल खिलाड़ी गीता चौहान को मुख्य अतिथि विधायक रमेश लटके, के-पूर्व वॉर्ड के प्रभाग समिति अध्यक्ष सुनील यादव, पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा ने सम्मानित किया।

## गृह पदक से सम्मानित होंगे डीसीपी दीपक देवराज

**मुंबई :** ठाणे क्राइम ब्रांच के पुलिस आयुक्त दीपक देवराज को राष्ट्रपति के हाथों गृह पदक से नवाजा जाएगा। उत्कृष्ट कार्यों को अंजाम देने वाले पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सम्मानित करने की घोषणा की है। गृह पदक मिलने से पूर्व उपनगर पत्रकार संघ ने दीपक देवराज का स्वागत किया। स्थानीय विधायक मंगेश कुडालकर ने पुष्पगुच्छ, श्रीफल व मेडल से उन्हें सम्मानित किया।

## एसपी ने महिलाओं को किया सम्मानित

**मुंबई :** समाज में सराहनीय काम करने वाली महिलाओं को समाजवादी पार्टी (एसपी) ने सेंम्मानित किया। गोवंडी में आयोजत कार्यक्रम में पार्टी के विधायक और अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने स्त्री शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। समाज में महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए, तभी समाज तरक्की करेगा। वॉर्ड क्रमांक 136 की नगरसेविका और समाजवादी पार्टी की मुंबई प्रदेश महिला अध्यक्ष रुखसाना सिद्दीकी की देख-रेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी के तमाम पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता मौजूद थीं।

## सीए की परीक्षा आगे बढ़ी

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव की वजह से सीए की परीक्षा की तारीखें आगे बढ़ा दी गई हैं। अब यह परीक्षा 27 मई से 12 जून के बीच होगी। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के मुताबिक, देशभर में अप्रैल और मई में लोकसभा चुनाव हैं। इसीलिए 2 से 17 मई के बीच होने वाली सीए की परीक्षा की तारीखें आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## परमबीर बने एसीबी के महासंचालक

**मुंबईः** ठाणे के पूर्व पुलिस आयुक्त और वर्तमान में महाराष्ट्र शासन के कानून-व्यवस्था के अपर पुलिस महासंचालक परमबीर सिंह को सरकार ने पदोन्नति दी है। आईपीएस संजय बर्वे को मुंबई पुलिस का आयुक्त बनाए जाने के बाद से खाली पड़े ऐंटि करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के पद पर परमबीर को पदोन्नत कर नियुक्त किया गया है। सिंह एसीबी के महासंचालक पद पर नियुक्त हुए हैं।

## उत्तर भारतीय संगम

**कल्याणः** उत्तर भारतीय संगम संस्था ने रविवार को कल्याण (पूर्व) चक्की नाका में स्नेह संगम का आयोजन किया। इसमें गायक मोहन राठौर और कॉमिडी सर्कस फेम सुनील सावरा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आइडियल कॉलेज के संस्थापक रमाकांत उपाध्याय का सत्कार किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अमरजीत मिश्रा, विनय शुक्ला आदि प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्था के सदस्य विजय मिश्रा, मनोज राय, विजय उपाध्याय और विनीत पांडेय आदि ने कार्यव्र ऽम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।

## उर्स के लिए विशेष ट्रेन

**मुंबई :** अजमेर में होने वाले 807वें वार्षिक उर्स मेले के लिए पश्चिम रेलवे एक और विशेष ट्रेन चला रही है। यह ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से मदार जंक्शन (अजमेर) तक जाएगी। ट्रेन सं. 09610 बांद्रा टर्मिनस-मदार जं. उर्स विशेष ट्रेन बांद्रा टर्मिनस से बुधवार 13 मार्च को 14.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.25 बजे मदार जं. पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन सं. 09609 ट्रेन मदार जं. से मंगलवार 12 मार्च को 13.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

## युवाओं को रोजगार मेले में मिला काम

**मुंबई :** अटल सेवा केंद्र और शिव मुद्रा प्रतिष्ठान की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कई बड़ी कंपनियों की मौजूदगी में इस मेले में 268 युवाओं को रोजगार मिला, जबकि 180 को अगले राउंड के लिए बुलाया गया। आयोजन में नगरसेवक अभिजीत सावंत, सुनील यादव, सिद्धिविनायक मंदिर के ट्रस्टी सुमंत घैसास एवं सिंधी चेंबर ऑफ कॉमर्स के भरत अजवानी भी मौजूद थे।

## उड़ान संस्था का कार्यक्रम 21 को

**मुंबईः** उड़ान संस्था का कार्यक्रम 21 मार्च को आयोजित होने वाला है। इस मौके पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. विद्यासागर राव मुख्य अतिथित होंगे। उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के लिए राजपाल भवन में कैबिनेट मिनिस्टर राज के. पुरोहित ने मुलाकात की। इस मौके पर गणपत कोठारी, शांति लाल और संस्था के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी, फाइलों में अटकीं मरीजों की दवाएं

**मुंबई :** बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी का मसला गंभीर होता जा रहा है। अगले कुछ महीनों तक इससे निजात मिलना मुश्किल लग रहा है। पूरी मुंबई का ठेका एक साथ निकालने की वजह से अतिरिक्त दवाएं मंगाने की प्रक्रिया अभी तक लटकी हुई है। चूंकि अब आचार संहिता लागू हो चुकी है, इसलिए यह प्रक्रिया अब मई में ही पूरी हो पाएगी। माना जा रहा है कि मॉनसून तक ही दवाएं अस्पतालों में पहुंच पाएंगी। बता दें कि पिछले ७-८ महीनों से बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी है।

**नियमित दवाओं में भी देरी**

नियमित दवाओं की खरीदी की प्रक्रिया भी इसी वजह से प्रभावित हो रही है। एक अधिकारी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया में छह महीने का समय लगता है। हमें अतिरिक्त आपूर्ति का टेंडर बनाने में काफी समय लगता है। हम पर दोहरा कार्यभार होता है।

**क्या है मामला**



बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की कमी का मुद्दा सामने आने के बाद प्रशासन ने इसकी जांच की थी। दवाओं की कमी को दूर करने के लिए तुरंत टेंडर निकालकर आपूर्ति करने का आदेश भी दिया था। हालांकि टेंडर लाने से पूर्व संबंधित कंपनियों से अतिरिक्त आपूर्ति की सहमति लेने में काफी समय निकल गया। टेंडर मंजूरी के कई चरण होने की वजह से भी फाइलें अटक गईं। सच तो यह है कि मंजूरी मिलने के बाद भी कंपनियों को दवाओं की आपूर्ति में समय लग जाएगा।

**बेहद लंबी प्रक्रिया**

हर दो साल पर खरीदी जाने वाली दवाओं के लिए मुंबई के सभी अस्पतालों से लिस्ट मांगी जाती है और सभी विभाग प्रमुखों से चर्चा की जाती है। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया होती है और ऑर्डर दिया जाता है। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता। उचित समन्वय न होने की वजह से किसी अस्पताल में ज्यादा दवाएं पहुंच जाती हैं, तो किसी में काफी कम सप्लाई हो पाती है।

# नहर में मिली महिला टीचर की लाश, हत्या की आशंका

**गाजियाबादः** यूपी के गाजियाबाद से लापता एक महिला टीचर की लाश नहर से बरामद हुई है. पुलिस पिछले पांच दिनों से लापता टीचर को तलाश रही थी. पुलिस ने इस संबंध में मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार किया है. आगे भी पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है. पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करने वाली है. मामला गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र का है. जहां मुरादनगर-मसूरी के बीच पड़ने वाली नहर से पुलिस ने गीतिका नामक महिला टीचर की लाश बरामद की है. पुलिस के मुताबिक बीते पांच दिनों से टीचर गीतिका लापता थी. तभी से उसकी तलाश की जा रही थी.

इसी दौरान पहले पुलिस ने गीतिका के प्रेमी दीपक को गिरफ्तार कर लिया. फिर उसी की निशानदेही पर नहर से गीतिका का शव बरामद किया. बताया जा रहा है कि जल्द ही पुलिस इस संबंध में मीडिया को पूरी जानकारी देगी. फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतका के प्रेमी से लंबी पूछताछ की जा रही है. पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करने वाली है.

# सरकारी विज्ञापनों के बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू

**मुंबई :** चुनाव की घोषणा होते ही पूरे देश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इसलिए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले सरकारी विज्ञापनों को हटाने का काम मुंबई में शुरु हो गया है। यह जानकारी सरकार की तरफ से दी गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन पाटील ने बुधवार को चुनाव आयोग से शिकायत किए जाने के बाद यह सरकारी स्तर पर यह खुलासा किया गया है।

सांवत ने चुनाव आयोग से लिखित शिकायत की है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी राज्य भर में बस अड्डों, बस स्टॉप और पेट्रोल पंपों समेत सार्वजनिक जगहों आदि पर अब भी सरकारी विज्ञापन लगे हुए हैं। इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग के आदेश पर अमल न करने और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की है।

इसके बाद मुंबई उपनगर के कलेक्टर और जिला चुनाव अधिकारी के हवाले से सरकारी स्तर पर एक विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी गई कि मुंबई उपनगर जिले में आचार संहिता का पालन किया जा रहा है। अब तक 10 हजार 691 विज्ञापनों के होर्डिंग हटा दिए गए हैं। इनमें से 8 हजार 465 होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और झंडे सार्वजनिक स्थानों पर तथा 2 हजार 226 प्राइवेट प्रॉपर्टी पर से हटाए गए हैं। इतना ही नहीं आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने और चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग उड़न दस्ते, स्टेटिक सर्विलांस टीम, विडियो सर्विलांस टीम बनाई गईं हैं।

# सीबीसीआईडी ने पोल्लाची यौन उत्पीड़न कांड की जांच अपने हाथ में ली

**तमिलनाडु :** तमिलनाडु अपराध शाखा सीआईडी ने पोल्लाची के समीप के १९ वर्षीय एक महिला के यौन उत्पीड़न कांड की जांच अपने हाथ में ले ली है. इस घटना को लेकर राज्य में काफी जनाक्रोश है.

पुलिस महानिरीक्षक (सीबीसीआईडी) श्रीधर और विशेष पुलिस अधिकारी निशान पार्थीबान ने पुलिस अधीक्षक आर पांडियाराजन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की और इस मामले से जुड़े सारे दस्तावेज हासिल किए. श्रीधर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सीबीसीआईडी मामले की जांच में चारों आरोपियों से पूछताछ करने के लिए उन्हें हिरासत में देने की मांग करेगी. विशेष टीमें स्थानीय पुलिस द्वारा प्रदत्त दस्तावेजों पर गौर करेगी और जांच में सभी पहलू शामिल होंगे.

मुख्य आरोपी तिरनावक्कारसू समेत सभी चार लोग पिछले महीने इस मामले में गिरफ्तार किए गए थे. बता दें कि पीड़ित महिला के चिल्लाने और हमलावरों से जूझने का वीडियो वायरल हो गया था जिसके बाद से लोग काफी सकते में थें. ऐसी खबर है कि ये चारों पिछले सात साल के दौरान कई अन्य महिलाओं से दोस्ती कर उनका भी यौन उत्पीड़न करने में शामिल रहे हैं. गौरतलब है कि जब सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक के एक कार्यकर्ता ने उत्पीड़न की शिकायत करने पर पीड़िता के भाई के साथ कथित रूप से मारपीट के दौरान इसे मामले पर उस वक्त काफी राजनीति भी हुई थी. उसके बाद उस कार्यकर्ता को अन्नाद्रमुक से बाहर कर दिया गया था.



राज्य सरकार ने मंगलवार को इस मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश करने का निर्णय लिया. पुलिस के अनुसार गत १२ फरवरी को कोयम्बटूर जिले में पोलाची के निकट एक कार के भीतर एक महिला को निर्वस्त्र करने का प्रयास किया और इस हरकत का वीडियो बना लिया और इसके मार्फत उसे ब्लैकमेल करने एवं उससे जबरन वसूली करने की कोशिश की. गिरोह के चंगुल से किसी तरह छूटने में कामयाब रहने पर पीड़िता ने २४ फरवरी को शिकायत दर्ज करायी थी. और इस कृत्य का एक वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल किया. पीड़िता ने २४ फरवरी को पुलिस के समक्ष एक शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था. द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने हाल ही में इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक पर हमला करते हुए पूछा कि क्या सत्तारूढ़ पार्टी आरोपी को बचा रही है दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी.बता दें कि मंगलवार को कोयम्बटूर जिला कलेक्टर राजामणि ने पुलिस अधीक्षक आर पांडियाराजन की सिफारिशों के बाद गुंडा कानून के तहत आरोपियों को हिरासत में लिये जाने के आदेश दिए हैं. चार आरोपियों तिरूनावक्कारासु, सतीश, सबरीराज और वसंतकुमार के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और तमिलनाडु राज्य महिला उत्पीड़न निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और वे पहले से ही जेल में हैं.

# डबल मर्डर से दहला रोहतास जिला, राइस मिल मालिक समेत २ की हत्या

**बिहारः** बिहार में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं. ना उन्हें कानून खौफ है और ना ही वर्दी का डर. ताजा मामला रोहतास जिले का है, जहां डबल मर्डर की वारदात से सनसनी फैल गई. अज्ञात बदमाशों ने एक राइस मिल के मालिक और उनके कर्मचारी की हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए. दोहरी हत्या की ये वारदात रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र की है. स्थानीय पुलिस अधिकारी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपीपुर बांध गांव में एक राइस मिल है. देर रात करीब १२ से १५ की संख्या में बदमाशों ने वहां धावा बोल दिया और वहां रखे चावल उठाने लगे. इसी बीच मिल के मालिक ४५ वर्षीय माणिकचंद साव और उनका कर्मचारी गोपाल भी वहां जा पहुंचे. उन दोनों ने बदमाशों का विरोध किया, तो लूट करने आए अपराधियों ने दोनों को बंधक बना लिया और उनके हाथ-पैर बांधकर उन्हें मिल के निकट तालाब में फेंक दिया. जिससे दोनों की डूब जाने से मौत हो गई. इसके बाद बदमाश मिल से करीब तीन लाख रुपये का चावल लूटकर फरार हो गए.

सहायक पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में मिल के कर्मचारियों के बयान पर हत्या की एक प्राथमिकी कोचस थाना में दर्ज कर ली गई है. अब पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. उन्होंने बताया कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा.

# खंडहर में मिली लापता छात्रा की लाश, सामूहिक बलात्कार की आशंका

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में घर से लापता छात्रा का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है. छात्रा पिछले चार दिनों से लापता था. उसकी लाश एक खंडहर से बरामद की गई है. पुलिस को आशंका है कि पहले लड़की के साथ बलात्कार किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई. अब पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. रेप और हत्या का यह मामला हमीरपुर के मुस्करा थाना क्षेत्र का है. जहां मसगांव में छात्रा अपने घर से ८ मार्च को रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी. वह बारहवीं की छात्रा थी. परिजनों ने मामला दर्ज कराया था. लिहाजा पुलिस भी उसकी तलाश कर रही थी. जिसके चलते मंगलवार की शाम गांव के ही एक खंडहर से उसका शव बरामद किया गया. पुलिस ने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के बाद उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है. अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि मृतका मसगांव गांव निवासी बलवीर यादव की १९ वर्षीय बेटी कामिनी थी. जिसका सड़ा-गला अर्धनग्न शव जच्चा-बच्चा केंद्र (एएनएम सेंटर) के पास एक खंडहरनुमा मकान के मलबे में दबा हुआ था. पुलिस के मुताबिक लड़की का शव मंगलवार की शाम बरामद किया गया है. पुलिस ने बताया कि लड़की के पिता ने १० मार्च को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. लड़की ने हाल ही में बारहवीं की परीक्षा पीएनबी इंटर कॉलेज से दी थी. ASP संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि उसके साथ सामूहिक बलात्कार की कोशिश की गई है. इसी के चलते आरोपियों को राज खुलने का डर सता रहा था. इसलिए लड़की की हत्या कर उसकी लाश को खंडहर में ईंटों के नीचे दबा दिया होगा. इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा (३०२) यानी हत्या और शव छिपाने की धारा (२०१) के तहत मामला दर्ज किया है. अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.

# फर्जी सी बी आई बनकर फॉरेन करेंसी ठगने वाले २ ठग गिरफ्तार

**मुंबई :** दिंडोशी पुलिस ने दो ऐसे ठगों को गिरफ्तार किया है जो फर्जी सी बी आई और क्राइम ब्रांच अधिकारी बन फॉरेन करेंसी वालो को ठगा करते थे। ठग जस्ट डायल के माध्यम से फॉरेन मनी एक्सचेंज वालो के बारे में जानकारी लेकर उनको मनी एक्सचेंजर को कॉल कर दोनों ठग तत्काल विदेश जाना है और विदेशी करेंसी चाहिए। करेंसी की होम डिलवरी गलत पते पर बुलाकर किया करते थे। जो व्यकि डिलवरी करने आता उसको कार में बिठाकर कहते कि हम सी बी आई वाले हैं । तुम्हारे पास मनी एक्सचेंज करने का लाइसेंस है। दस्तावेज की बाते पूछ कर डरा धमका कर फॉरेन मनी लेकर फरार हो जाते थे। दिंडोशी पुलिस स्टेशन में २३ फरवरी को ११,४१,७०० रुपये के २९०० अमेरिकन डॉलर, ११०० सिंगापुर डॉलर के ठगी का मामला फर्यादी द्वारा कराया गया। जीसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर जस्ट डायल से ही फॉरेन मनी एक्सचेंज वालो की जानकारी लेकर पुलिस ने बात किया कि अगर आपके पास फॉरेन मनी एक्सचेंज की तत्काल डिलवरी की बात हो तो उनका जानकारी दे दिया जाय। जिसके बाद पुलिस तहकीकात के बाद दोनों ठगों को गिरफ्तार किया।

दोनों ठग जस्ट डायल के माध्यम से फॉरेन मनी एक्सचेंज वालो के बारे में जानकारी लेकर ठगी किया करते थे। दोनों ठगों पर मुम्बई के कई पुलिस पुलिस स्टेशन में मामले दर्ज है।

## संक्षिप्त न्यूज

### भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी अगप

**गुवाहाटी :** अपने कार्यकर्ताओं के विरोध के बावजूद असम में असम गण परिषद (अगप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। अगप अध्यक्ष अतुल बोरा, पूर्व मंत्री केशव महंता और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की भाजपा महासचिव राम माधव के साथ हुई एक बैठक में मंगलवार रात यह निर्णय लिया गया। राम माधव ने मंगलवार देर रात ट्वीट किया- 'चर्चा के बाद, भाजपा और अगप ने असम में आगामी संसदीय चुनावों में कांग्रेस को हराने के लिए एक साथ काम करने का फैसला किया है। गठबंधन में तीसरा साथी बीपीएफ होगा।' राम माधव ने आगे कहा कि राज्य मंत्रिमंडल के तीन अगप मंत्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे जल्द से जल्द अपने प्रभार फिर से संभालें।

### ब्रेक्जिट को ब्रिटेन के सांसदों ने किया खारिज

**लंदन :** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री टेरीजा मे को यूरोपीय संघ (ईयू) से अलग होने की योजना पर एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी। वहां की संसद के निचले सदन, हाउस आफ कॉमंस ने प्रस्तावित समझौते को भारी अंतर से खारिज कर दिया। सरकार के प्रस्ताव को २४२ के मुकाबले ३९१ वोटों से खारिज किया। जनवरी में सदन ने पहले प्रस्ताव को २३० मतों के अंतर से खारिज किया था।

### जीमेल में समस्या, गूगल ने मांगी माफी

**सैन फ्रांसिस्को :** गूगल ने दुनियाभर के यूजर्स से जीमेल और अन्य सेवाओं में बाधा आने की समस्याओं पर माफी मांगी है। भारत सहित कई देशों के यूजर्स ने जीमेल अटैचमेंट्स और इसे एक्सेस करने के साथ ही ड्राफ्ट ईमेल को एक्सेस, सेव करने और ईमेल भेजने में दिक्कतों की शिकायत की थी। गूगल ने बताया कि समस्या को सुलझा दिया गया है। गूगल ने कहा, 'हम असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं।'

### नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी, व्यापार रुका

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पाकिस्तानी सेना ने बिना किसी उकसावे के मोर्टार से गोले दागे और छोटे हथियारों से फायरिंग की। इस संघर्षविराम के उल्लंघन के बाद बुधवार को सीमा पार व्यापार को रोक दिया गया। गोलीबारी की घटना चकन दा बाग इलाके में शुरू हुई। पाक की तरफ से दागे गए दो गोले इलाके के व्यापार सुविधा केंद्र के पास गिरे। वहां मौजूद कर्मचारी और अन्य लोगों ने जल्दी से भागकर भूमिगत बंकरों में शरण ली।

### पुलवामा में आतंकियों ने की पूर्व SPO की हत्या

**श्रीनगर :** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के पिंगलीना इलाके में आतंकवादियों ने एसपीओ की दिन-दहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान आशिक अहमद नायक के तौर पर हुई है। आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े माने जा रहे हैं। २५ वर्षीय नायक सेना की जम्मू-कश्मीर लाइट इंफैंट्री में शामिल हुआ था। प्रशिक्षण का सामना नहीं कर पाने के बाद पिछले साल सितंबर में वह सेना छोड़कर चुका था।

### चुनाव मैदान में उतरेगी सर्वोदय भारत पार्टी

**मुंबई :** मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में सर्वोदय भारत पार्टी के अध्यक्ष गिरीश पांडेय ने कहा कि हमने मुंबई की ६, ठाणे की २ सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। नागपुर और अन्य सीटों पर उम्मीदवारों से हमारी बातचीत चल रही है। जल्द ही हम उन सीटों पर भी उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे। उन्होंने बताया कि दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से पवन पांडेय, उत्तर-मध्य से सुरेश शेट्टी, उत्तर-पश्चिम से दिलबाग सिंह जगतार सिंह, उत्तर मुंबई से अनीता द्विवेदी, उत्तर-पूर्व मुंबई से मदस्सिर खान , उत्तर-मध्य से संतोष द्विवेदी, ठाणे से ब्रह्मदेव पांडे और कल्याण से मनीष ठाकुर सर्वोदय भारत पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

### स्मृति ईरानी का आरोप भ्रष्टाचार कांग्रेस की देन है दिल्ली में स्मृति ईरानी ने पत्रकार सम्मेलन में दिया बड़ा बयान

# रॉबर्ट वाड्रा और राहुल गाँधी को स्मृति ईरानी ने घेरा







**मुंबई,** स्मृति ईरानी का आरोप कहा भाई बेहेन और जीजा ने मिलकर फॅमिली भारष्टर किया है. स्मृति ईरानी ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में कहा की हमारे राष्ट्र में पिछले ७० सालों में यह माना गया है कि संस्थागत भ्रष्टाचार कांग्रेस की राष्ट्रीय देन है लेकिन लगभग २४ घंटे में विविध समाचार सूत्रों के माध्यम से जनता के समुख जो नए तत्व आए हैं वह इस बात को दर्शाते हैं कि किस प्रकार से गांधी वाड्रा परिवार ने पारिवारिक भ्रष्टाचार को परिभाषित किया है. एक समाचार सूत्र के माध्यम से राष्ट्र के पास जानकारी पहुंची है की एचएल पहवा नाम के एक सज्जन जिनके यहां ईडी ने छापा मारी की, ईडी के छापा मारी में राहुल गांधी के साथ लेनदेन के कुछ दस्तावेज पाए गए जमीन की खरीदारी से संबंधित इन दस्तावेजों में यह बात उभरकर आई केएचएल पहवा की उनके साथ राहुल गाँधी का किया आर्थिक संबंध है हरियाणा में राहुल गांधी एचएल पहवा से जमीन खरीदते हैं जमीन की खरीद-फरोख्त में राहुल गांधी के प्रतिनिधि महेश नागर बनते है.

पत्रकार मित्रों को याद होगा यह वहीं महेश नागर है जिन्होंने रॉबर्ट वाड्रा के लिए भी हरियाणा और राजस्थान में जमीनी खरीदी थी. पत्रकारों को यह भी याद होगा कि यह वही महेश नागर है जिन के संदर्भ में हरियाणा और राजस्थान की खरीदी हुई जमीन के बारे में रॉबर्ट वाड्रा पर जाँच पड़ताल चल रही है जो तत्य समाचार सूत्रों के माध्यम से प्रस्तुत हुवी जानकारी में श्रीमती वाड्रा का भी उल्लेख है. एचएल पहवा के साथ जमीन की खरीदी फरोख्त ना सिर्फ राहुल गांधी ने की बल्कि श्रीमती वाड्रा के संदर्भ में भी कागजात पाए गए. एचएल पहवा के यहां रेड में हुई जिन दस्तावेजों के बारे में समाचार सूत्रों से राष्ट्र को जानकारी मिली उसमें चौंकाने वाली बात यह थी. कि एच एल पहवा के पास जमीन की खरीद फरोख्त के लिए पर्याप्त मात्रा में पैसे नहीं थे ५० करोड़ से ज्यादा एचएल पहवा को राहुल गांधी और श्रीमती वाड्रा की जमीन की खरीद-फरोख्त के लिए पैसे दिए एक सज्जन जिनका नाम सीसी थंपी है. आप सबको याद होगा सीसी थंपी पर भी वर्तमान में जाँच चल रहि है सीसी थंपी की मित्रता रॉबर्ट वाड्रा हथियार डीलर संजय भंडारी के साथ स्थापित हो चुकी है कल जो दस्तावेज आम जनता में प्रस्तुत हुए हैं इसमें अब साफ नजर आता है कि यूपीए की सरकार के वक्त पेट्रोलियम के संबंधित एक सौदे में और रक्षा से संबंधित एक सौदे में संजय भंडारी व सी सी थंपी के तार जुड़े हुए है पेट्रोलियम और रक्षा सौदे की जांचो में पैसों का खेल ना सिर्फ रॉबर्ट वाड्रा तक पहुंचा बल्कि अब देश जान पाया है की जीजा जी के साथ साले साहब भी इस फैमिली पैकेट भ्रष्टाचार में लिप्त है. आज इन तत्थियो को पढ़ने के बाद जनता शायद समझ पाई के डिफेंस के सौदौ में राहुल गांधी विशेष रूचि क्यों ले रहे हैं इनका रुचि मात्र राजनीति नहीं. बल्कि आर्थिक व पारिवारिक भी है राहुल गांधी जी को अब जनता को बतलाना होगा के एचएल पहवा के साथ उनके श्रीमती वाड्रा के विशेषठ संबंध जमीन के मुद्दे पर क्यों है कांग्रेस को टाइम्स ऑफ इंडिया की एक विशेष रिपोर्ट २०१२ में जो निकली उसमें जो विश्लेषण हुआ महेश नागर का उसके संदर्भ में यह भी जवाब देना पड़ेगा कि क्या महेश नागर के भाई ललित नागर को खरीद-फरोख्त में भ्रष्टाचार के संधर्ब में शिष्टाचार को देखते हुए किया कांग्रेस ने हरियाणा में विशेष टिकट दी थी अब तक यह माना जाता था कि संजय भंडारी जो आर्म्स डीलर है उनका संबंध मात्र रॉबर्ट वाड्रा के साथ है लेकिन अब देश की जानकारी में आया है कि यह संबंध रॉबर्ट वाड्रा के साले साहब राहुल गांधी तक भी पहुंचता है भ्रष्टाचार में जीजा साले की क्या मिलीभगत है संजय भंडारी सीसी थंपी एचएल पहवा के साथ जो समाचार सूत्र के माध्यम से राष्ट्र में प्रस्तुत हुए हैं इस पर अब राहुल गांधी को देश को जवाब देना होगा.

### नवी मनपा का बजट बढ़कर हुआ/४०२० करोड़

# स्थायी समिति में १७३.८० करोड़ तथा महासभा में ३९० करोड़ रुपये की हुई वृद्धि

**शिवशंकर तिवारी**

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई मनपा का आर्थिक वर्ष २०१९-२० के लिए पेश किया गया बजट संशोधन के बाद बढ़कर ४ हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। मनपा आयुक्त डॉ. रामास्वामी एन. ने मनपा की स्थायी समिति के सामने ३४५४.७३ करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। स्थायी समिति ने १७३ करोड़ ८० लाख रुपये की वृद्धि की थी। इससे यह बजट बढ़कर ३६२८.८० करोड़ रुपये हो गया था।

इसके बाद इसे मनपा की महासभा में अंतिम मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया गया था। मनपा महासभा में चर्चा और बहस के बाद इसमें ३९० करोड़ रुपये की वृद्धि की गई जिसके बाद यह बढ़कर ४०२० करोड़ २२ लाख ४४ हजार हो गया है। इस तरह मनपा की स्थायी समिति और महासभा दोनों ने मिलकर मूल बजट में कुल ५६३ करोड़ रुपये की वृद्धि की।

#### तुलनात्मक वृद्धि ८६६ करोड़ रुपये

पिछले आर्थिक वर्ष में मनपा का बजट ३१५१ करोड़ रुपये था। इस तरह देखें तो गतवर्ष की तुलना में इस बजट में कुल ८६६ करोड़ रुपये तक की



वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के बाद मनपा की आय का आंकड़ा ४०२० करोड़ १३ लाख ४४ हजार रुपये तथा व्यय का आंकड़ा ४०१९ करोड़ २२ लाख ४४ हजार रुपये हो गया है।

अब इस बजट में बचत का आंकड़ा ९१ लाख रुपये दर्शाया गया है। मनपा के इतिहास में यह अभी तक का सबसे बड़ा बजट है।

#### इन कारणों से बढ़ा बजट

मनपा की स्थायी समिति और महासभा में की गई ५६३ करोड़ रुपये की वृद्धि से कई जनोपयोगी कार्य किए जा सकेंगे। इन कार्यों को मनपा के मूल बजट में पूरी तरह विस्तारित रूप में शामिल नहीं किया गया था। इनमें प्रमुख रूप से जलापूर्ति, परिवहन उपक्रम, बाधामुक्त सड़क व पदपथ, जल-मल निकासी के पाइपलाइन डालने, उद्यान, मैदान, स्कूल, दवाखानों, नागरी विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं, समाज मंदिर, नए पूल का निर्माण करने, मनपा क्षेत्र में स्थित गांवठाण परिसर का विकास करने जैसे प्रमुख कार्यों पर होने वाले संभावित खर्च का समावेश है।

#### इनमें की गई कटौती

मनपा स्थायी समिति और महासभा द्वारा बजट में संशोधन के बाद जिन कार्यों में प्रस्तावित खर्च में कटौती की गई है, उनमें प्रमुख रूप से संगणकीकरण, सीसीटीवी सिस्टम, मनपा अस्पतालों के लिए उपकरणों की खरीदी, पुनर्विकास कार्यों, औद्योगिक क्षेत्रों के सुविधा कार्यों तथा मेगासिटी धनवापसी जैसी योजनाओं का समावेश है। मनपा प्रशासन द्वारा प्रस्तुत बजट पर महासभा में पूरे एक सप्ताह तक चर्चा-बहस की गई। इस चर्चा में मनपा द्वारा प्रस्तुत बजट में सभी प्रस्तावित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की गई और जनहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुसार उसमें कमी व वृद्धि की गई।

# अस्पतालों के डीन का घटेगा बोझ

**वी. बी. मानिक**

**मुंबई:** लंबे इंतजार के बाद सभी बड़े




अस्पतालों के लिए वॉर्ड ऑफिसर की नियुक्ति सोमवार को कर दी गई। कुछ हफ्ते पहले केवल केईएम अस्पताल के लिए वॉर्ड ऑफिसर नियुक्त हुआ था। पहले नियुक्त अलका ससाने के काम का दायरा बढ़ाते हुए उन्हें सभी बड़े अस्पतालों का काम सौंपा गया है।

इससे अस्पतालों के डीन का प्रशासकीय कार्यों का बोझ हटेगा, जिससे वे अपना ध्यान मेडिकल सुविधाओं पर लगा सकेंगे।

#### नॉन-मेडिकल काम की जिम्मेदारी

वॉर्ड ऑफिसर के जिम्मे इंजिनियरिंग, मैकेनिकल समेत अन्य तकनीकी काम की जिम्मेदारी होगी। इसमें कर्मचारियों की टाइमिंग से लेकर साफ-सफाई की जिम्मेदारी भी शामिल है। अब तक सभी काम डीन के पास ही थे। वॉर्ड ऑफिसर कूपर एवं केईएम अस्पताल में बैठकर काम देखेंगी। केईएम, सायन, नायर, कूपर और नायर डेंटल अस्पताल की जिम्मेदारी इनके पास होगी।

अस्पताल के प्रशासकीय काम-काज का बोझ डीन के जिम्मे से हटाने का फैसला सराहनीय है। उठे इस मुद्दे पर मनपा आयुक्त अजॉय मेहता, अतिरिक्त आयुक्त आई.ए. कुंदन और उनकी टीम ने जिस तेजी से फैसला लिया, वह काबिले-तारीफ है। मुंबई के बड़े अस्पतालों के डीन अब सिर्फ मरीजों के इलाज और चिकित्सकीय काम-काज पर ध्यान दे सकेंगे। अगले कदम में इसी तर्ज पर छोटे पेरिफेरल अस्पतालों के लिए भी प्रशासकीय काम-काज की अलग व्यवस्था की जानी चाहिए।

#### किस तरह मिलेगी राहत

अक्सर अस्पतालों में गंदगी समेत कर्मचारियों की गैरहाजिरी की शिकायतें आती रहती हैं। लिफ्ट बंद होने से लेकर अन्य तरह की दिक्कतें भी सामान्य हैं। डीन मेडिकल कामों के साथ इन कार्यों के लिए समय नहीं दे पाते हैं। इस वजह से अस्पताल का बेहतर प्रबंधन करने में यह कदम निर्णायक साबित होगा। दिल्ली समेत कई राज्य सरकारों ने अस्पतालों में प्रशासकीय काम के लिए मैनेजर की नियुक्ति की है। अस्पतालों के माध्यम से आम लोगों की सेवा करने का मुझे मौका मिला है। मैं अस्पतालों की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने की कोशिश

# अभी सांसदों की परीक्षा, विद्यार्थियों की कुछ परीक्षाएं चुनाव के बाद

**गोविंद अग्रवाल**

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुंबई विश्वविद्यालय ने कुछ परीक्षाओं की तारीख को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इन परीक्षाओं की समय सारिणी जल्द घोषित की जाएगी। छात्र संगठनों ने कहा कि पांच साल तक संसद में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं की परीक्षा की बारी आई है। इसीलिए परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने का फैसला स्वागत योग्य है। विश्वविद्यालय से संलग्न कॉलेज वाले क्षेत्र में दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पहले चरण में २३ अप्रैल को रायगड, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, नासिक, पुणे जिला और केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव हो रहा है। वहीं दूसरे चरण में २९ अप्रैल को मुंबई, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर और रायगड (मावल) जिले में चुनाव है। इसीलिए विश्वविद्यालय ने पहले चरण की चुनाव के लिए २२, २३ व २४ अप्रैल और दूसरे चरण की चुनाव के लिए २९ व ३० अप्रैल की परीक्षा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इन पांच दिनों की परीक्षा की संशोधित समय सारिणी विश्वविद्यालय जल्दी घोषित करेगी। विश्वविद्यालय के मुताबिक, कई कॉलेजों में चुनाव के केंद्र बनाए गए हैं। इसीलिए चुनाव के आयोजन को लेकर कॉलेजों को चुनाव आयोग को देना हैं। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय ने मतदान के एक दिन पहले और एक दिन बाद कोई परीक्षा आयोजित नहीं करेगी।

# मनसे के एक मात्र विधायक ने पार्टी छोड़ी, शरद सोनावणे की शिवसेना में वापसी

**मुंबई :** राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के इकलौते विधायक शरद सोनावणे सोमवार को शिवसेना में वापस आ गए। पुणे जिले की जुन्नर सीट से विधायक सोनावणे 2014 के विधानसभा चुनाव में मनसे के टिकट पर जीतने वाले एक मात्र प्रत्याशी थे। सोमवार को सोनावणे अपने समर्थकों के साथ शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हो गए। सोनावणे ने कहा कि उन्होंने शिवसेना में शामिल होने से पहले राज ठाकरे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात की थी। महाराष्ट्र में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। जुन्नर विधानसभा शिरुर लोकसभा क्षेत्र के तहत आती है। इस सीट से शिवसेना के शिवाजी राव आढालराव पाटील सांसद हैं।






मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड ( पूर्व ), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com